# कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी।

## ::विज्ञप्ति::

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी में सहायक लेखाकार के पद के लिए उ0प्र0 शासन द्वारा पूर्णकालिक स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति से पद भरे जाने तक के लिये उ0 प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 676/तीस–3–2019 परिवहन अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 09.03.2019, शासनादेश संख्या 1324/तीस–3–2019 परिवहन अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 26.07.2019 एवं व उ0 प्र0 शासन के शासनादेश संख्या एम0ए0सी0 टी0–73/30–3–2020 परिवहन अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 25.02.2020 के आलोक में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी में विभिन्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अन्तर्गत सेवा निवृत्त सहायक लेखाकार की पुनर्नियुक्ति की जानी है जिस हेतु न्यायालय/शासन से सेवा निवृत्त कर्मियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पद का विवरण निम्नवत् हैः–

| पद का नाम | पद की संख्या | नियोजन की प्रकृति |
|---|---|---|
| सहायक लेखाकार | 01पद | सेवा निवृत्त कर्मचारियों से संविदा के आधार पर। |

इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी विज्ञप्ति के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र दिनांक 29.06.2026 तक कार्यालय मोटर दुर्घटना अधिकरण, पावर हाउस कालौनी, चन्दौसी पर पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित कर सकते हैं अथवा स्वयं कार्यालय के प्रस्तुतकार श्री जीतपाल सिंह को प्राप्त करा सकते हैं। दिनांक 29.06.2026 को सायंकाल 5.00 बजे के पश्चात् कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**नियुक्ति के सम्बन्ध में अनिवार्य शर्ते व विवरण निम्नवत् हैः–**

1. सहायक लेखाकार के पद पर नियोजित कर्मचारी की संविदा के आधार पर नियुक्ति की जायेगी। संविदा कर्मचारी को उपरोक्त शासनादेशों के क्रम में अंतिम आहरित वेतन में से शुद्ध पेंशन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व यदि कोई हो) को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर वेतन देय होगा। अतएव् आवेदक सेवा निवृत्त कर्मी अपने आवेदन–पत्र के साथ पेंशन प्राधिकार–पत्र/पी0पी0ओ0 की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करेंगे।
2. ऐसे अभ्यर्थी/कर्मचारी जो माह जून, 2026 में सेवा निवृत्त हो रहे हों, वे भी आवेदन कर सकते हैं।
3. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को लेखा कार्य का कम्प्यूट्रीकृत ज्ञान होना आवश्यक है। न्यायालय से सेवा निवृत्त कर्मी एवं पूर्व के लेखा कार्य का अनुभव रखने वाले सेवा निवृत्त कर्मी को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. यह पुनर्नियुक्ति, सेवानिवृत्त कर्मी के पूर्व कार्यवृत्त अभिलेख एवं चरित्र–पंजिका में अंकित वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि व व्यक्तिगत साक्षात्कार में उपयुक्तता एवं वरीयता के आधार पर की जायेगी। सेवानिवृत्त आवेदक/सेवानिवृत्त कर्मी अपने आवेदन–पत्र के साथ पूर्ववर्ती 05 वर्षो में चरित्र पंजिका में अंकित वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करेंगे।
5. इस पुनर्नियुक्ति हेतु सेवा निवृत्त कर्मी अपने आवेदन पत्र के साथ इस आशय का नोटरी शपथ–पत्र कि उनके विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई आपराधिक वाद लम्बित नहीं है और न ही कभी उन्हें किसी आपराधिक मामले में दण्डित किया गया है, संलग्न करेंगे।
6. आवेदक की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
7. उपरोक्त शासनादेश मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी के लेखाकार के पास इच्छुक अभ्यर्थियों को अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

सहायक लेखाकार को निर्देशित किया जाता है कि वे इस विज्ञप्ति का प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें तथा विज्ञप्ति को जिला न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी एवं मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी के सूचना पट पर प्रदर्शित किया जाये तथा एक प्रति जिला सूचना अधिकारी जनपद सम्भल को सूचनार्थ प्रेषित की जाये।

दिनांकः 09.06.2026
स्थान–चन्दौसी।

(प्रदीप कुमार-V)
पीठासीन अधिकारी
नियुक्ति प्राधिकारी/मोटर दुर्घटना दावा
अधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी।

Scanned with OKEN Scanner

:: <u>आवेदन का प्रारूप</u> ::

स्व हस्ताक्षरित
पासपोर्ट साइज
का नवीनतम्
फोटो चस्पा करें

**................................पद हेतु आवेदन पत्र**

1–आवेदक का नामः

2–पिता का नाम :

3–जन्म तिथि :

4–शैक्षणिक योग्यताः
(शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की स्व हस्ताक्षरित छाया प्रतियां संलग्न करें)

4–आवेदन के दिनांक को आयु.:

5–अन्तिम धारित पद एवं वेतनमानः.

6–सेवा निवृत्ति का दिनांकः
(पेंशन प्राधिकार–पत्र./पी.पी.ओ. की स्वहस्ताक्षरित
छाया प्रति संलग्न करें)

7–स्थाई पताः

8–पत्राचार का पताः.

9–ई–मेल आई0डी0 ..............................................................................

10–मोबाइल नम्बर............................................

11–सेवा निवृत्त कार्यालय से सेवा निवृत्त आवेदक की पूर्ववर्ती 05 वर्षो की
गोपनीय प्रविष्टि का विवरण :
(स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करें)

12–क्या आपको अपने पूर्ण सेवाकाल में कभी प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है, लघु व दीर्घ
दण्डात्मक कार्यवाही से दण्डित किया गया है, यदि हां तो विवरणः–
(नोटरी शपथ–पत्र संलगन करें)

13–आधार नम्बर (स्व हस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करें)................

14–पैन नम्बर (स्व हस्ताक्षरित छाया प्रति संलग्न करें) .................

:: <u>घोषणा पत्र</u>::

मैं प्रमाणित करता हूं कि वर्तमान में पूर्ण रूप से स्वस्थ और दिये जाने वाले राजकीय कार्य को करने में सक्षम हूं। मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी शर्तो एवं प्रतिबन्धों का अवलोकन कर लिया है, जो मुझे स्वीकार है। आवेदन में अंकित समस्त विवरण तथा संलग्नक सही एवं सत्य हैं तथा मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि कोई सूचना गलत या झूठी पाई जाती है, तो उसका पूर्ण दायित्व मेरा होगा और इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्ध की गयी कोई कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। नियुक्ति की अवस्था में मैं कार्य करने हेतु उपस्थित होऊंगा।

दिनांकः

(आवेदक के हस्ताक्षर)

Scanned with OKEN Scanner